तापमान

अधिकतम 37.0 डिग्री

न्यूनतम 26. 0 डिग्री

हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, रविवार, 5 जुलाई 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती



नो एंट्री में घुसे ट्रक ने एक्टिवा को मारी टक्कर मौत, प्रधान आरक्षक व आरक्षक

2




## खबर संक्षेप

### ट्रेलर की चपेट में आकर बाइक सवार की मौत, ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

**बिर्रा।** ग्राम पंचायत बिर्रा के शिवरीनारायण-केरा रोड में शनिवार की रात करीब साढ़े आठ बजे तेज रफ्तार ट्रेलर ने बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई। आक्रोशित ग्रामीणों ने घटना स्थल पर चक्काजाम कर दिया। इस संबंध में मिली जानकारी के नुसार ग्राम बिर्रा निवासी 55 वर्षीय छत्तू पटेल शनिवार 4 जुलाई की रात शिवरीनारायण की ओर से बाइक में आ रहा था। इसी दौरान करीब साढे आठ बजे बिर्रा के नामदेव जनरल स्टोर के सामने ट्रेलर वाहन ने बाइक को जोरदार टक्कर मारते हुए घसीट कर पूरी तरह कुचल दिया। हादसे में छत्तू पटेल की मौके पर ही मौत हो गई। गुस्साए ग्रामीणों ने बस स्टैंड चौक बिर्रा के चौराहा में चक्काजाम कर दिया। इससे रायगढ़-बिलासपुर और सारंगढ़ से चांपा कोरबा मार्ग पर आवागमन बाधित हो गया। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। समाचार लिखे जाने तक चक्काजाम जारी रहा।

### गोदाम में रखे 1013 बोरी उर्वरकों के विक्रय पर प्रतिबंध लगाते हुए किया सील

**जांजगीर-चांपा।** कृषि विभाग ने शनिवार को मेसर्स राजेश खाद भण्डार नैला का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठान में कई अनियमितताएं सामने आईं। अनियमितता पाए जाने पर कृषि विभाग ने मामले में कार्रवाई की है। उर्वरक भंडार के गोदाम में उपलब्ध 1013 बोरी उर्वरकों के विक्रय पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाते हुए सील कर दिया।

### मुड़पार में फारेस्ट की जमीन पर अतिक्रमण, तीन मकानों को तोड़ने के बाद विवाद

# वन भूमि में दामादों की बस्ती, बेजाकब्जा हटाने पहुंचा अमला मोहलत देकर लौटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले में बेजाकब्जा की शिकायतें कोई नई बात नहीं है, लेकिन मुड़पार गांव में वन भूमि की जमीन पर भी अतिक्रमण का खुल शुरू हो गया है। खास बात यह है कि अधिकांश बेजाकब्जाधारी उस गांव के बेटी दामाद है। वन भूमि से अतिक्रमण हटाने विभाग का अमला दल बल के साथ पहुंचा। इस दौरान कुछ मकान तोड़े ही गए थे कि जनप्रतिनिधियों ने हस्तक्षेप कर दिया। ऐसे में अतिक्रमणकारियों को बरसात तक की मोहलत दी गई है। इसके बाद अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी।

जिले के अफरीद मुड़पार क्षेत्र में गांव के तकरीबन 32 हेक्टेयर वन भूमि पर वन विभाग द्वारा पौधरोपण व संरक्षण का कार्य कराया जा रहा है। इस दौरान कुछ लोगों ने वन भूमि की जमीन पर कब्जा करके मकान बना लिया है। इनमें से अधिकांश लोग गांव के ही बेटी दामाद बताए जाते है। इसको लेकर वन विभाग द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की गई। इसी कड़ी में शनिवार 4 जुलाई की सुबह वन विभाग की टीम पुलिस बल और प्रशासनिक अधिकारियो के साथ मौके पर पहुंची। इस दौरान जेसीबी की मदद से वन भूमि पर बने तीन मकानों को ध्वस्त कर दिया गया। कार्रवाई के दौरान बड़ी संख्या में फॉरेस्ट गार्ड और स्थानीय पुलिस बल तैनात रहा। इधर तोडफोड़ की कार्रवाई शुरू होने के बाद क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि वहां पहुंच गए। बताया जाता है कि ग्रामीणों के साथ उन्होंने चर्चा करते हुए जिला प्रशासन से बात की। इसके बाद चांपा एसडीएम पवन कोसमा अपनी टीम के साथ वहां पहुंचे। उन्होंने दोनों पक्षों से चर्चा की। इस दौरान पता चला कि वन भूमि पर अवैध रूप से काबिज 18 मकान मालिकों को पहले ही नोटिस जारी किया गया था, विभागीय अधिकारियों का कहना है कि वन भूमि पर किए गए अतिक्रमण को हटाने की प्रक्रिया के तहत यह कार्रवाई की जा रही है। इस दौरान मौके पर वन विभाग के अधिकारी, कर्मचारी और पुलिस बल मौजूद रहे। वहीं कार्रवाई का ग्रामीणों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने जमकर विरोध किया। ऐसी स्थिति में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई बरसात के बाद करने की बात पर सहमति बनी और पूरा अमला लौट आया।



कार्रवाई के दौरान मौके पर तैनात वन विभाग की टीम।



### रोकी गई कार्रवाई

वन विभाग की टीम अतिक्रमण हटाने पहुंची थी। कार्रवाई के दौरान ग्रामीणों ने विरोध दर्ज कराया। जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों और वन विभाग के अधिकारियों को समझाईश दी गई। बरसात को देखते हुए अभी कार्रवाई रोक दी गई है।

-पवन कोसमा,
एसडीएम, चांपा

# बाइक की डिक्की में रखे 60 हजार पार

## फुटेज के आधार पर जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

चांपा शहर में एक बार फिर उठाईगिरी की वारदात सामने आई है। सारागांव थाना क्षेत्र के ग्राम सरवानी निवासी नारायण प्रसाद साहू बाइक की डिक्की में रखे 60 हजार रुपये से हाथ धो बैठे। पूरी घटना आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। फुटेज के आधार पर पुलिस जांच में जुट गई है।

जानकारी के अनुसार सरवानी निवासी 35 वर्षीय नारायण प्रसाद साहू अपने पिता शिव चरण साहू के साथ शनिवार 4 जुलाई को यूनियन बैंक चांपा से 60 हजार रुपये निकालने आया था। बैंक से रकम निकालने के बाद पैसे बाइक की डिक्की में रख दी। इसके बाद वे मेडिकल स्टोर सहित दो-तीन अन्य दुकानों में गए। जब नारायण साहू बाद में बरपाली स्थित गुप्ता नाश्ता सेंटर पहुंचा और बाइक की डिक्की खोली, तब रुपये चोरी होने की जानकारी मिली। मामले की सूचना चांपा थाने में दी गई। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच कराई, जिसमें एक संदिग्ध युवक की गतिविधियां ि दखी। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदिग्ध की पहचान कर उसकी तलाश में जुट गई है।




ग्लोबल प्रा. आई.टी.आई

ITI AKALTARA

Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)

भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट

REGISTRATION OPEN

• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)

• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass) • FITTER* 2 Year (10th Pass)

मनका दाई मंदिर के पीछे, वार्ड नं. 3, बलोदा रोड, अकलतरा , (जांजगीर-चांपा)

89595-93946 • 89595-44444




## खबर संक्षेप



### भाजपा नेता से मारपीट करने वाले चारों आरोपी गिरफ्तार, पुलिस ने निकाला जुलूस

**कोरबा।** पुराने विवाद को लेकर भाजपा नेता की कार को रोककर उसकी कार में जमकर तोड़फोड़ की गई और उसकी बेरहमी से पिटाई कर सोने की चेन, 60 हजार रुपए नगदी लूटपाट की घटना को अंजाम दिया गया था। इस मामले में शुक्रवार को मारपीट करने वाले चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया और चारों आरोपियों का जुलूस भी निकाला है।
उल्लेखनीय है कि रजगामार चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भुलसीडीह निवासी कपिलेश्वर धीरज 39 वर्ष पिता राम प्रसाद धीरज भाजपा किसान मोर्चा मंडल मंत्री के पद पर पदस्थ है उनके द्वारा ग्राम भुलसीडीह में पोल्ट्री फार्म का भी संचालन किया जाता है। बताया जाता है कि एक जुलाई को रात लगभग 10 बजे भुलसीडीह स्थित अपने पोल्ट्री फार्म से कपिलेश्वर धीरज अपनी कार क्रमांक सीजी 12 बीएफ 9233 में सवार होकर अपने घर जा रहा था। इसी दौरान बीच रास्ते में लक्ष्मी खांडे, अरुण खान्डे संदीप खांडे, गंगाराम रात्रे सहित अन्य लोगों ने उनका रास्ता रोककर मारपीट कर लूटपाट की घटना को अंजाम दिया था।

### आकाशीय बिजली का कहर, खेत में काम कर रहे पिता की मौत, पुत्र बचा बाल बचा

**कोरबा।** जिले के उरगा थाना क्षेत्र में आकाशीय बिजली गिरने से एक 76 वर्षीय बुजुर्ग की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि उसका पुत्र बाल बाल बच गया। बताया जाता है कि उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम तुमान निवासी मनीराम पटेल अपने पुत्र धनेश्वर पटेल के साथ मंगलवार की शाम करीब 4 बजे अपने खेत पर गए हुए थे। इसी दौरान अचानक मौसम बदला, तेज बारिश शुरू हुई और गर्जना के साथ आकाशीय बिजली गिर गई, जिसकी चपेट में आने से मनीराम पटेल व उसका पुत्र धनेश्वर पटेल गश खाकर गिर गये। कुछ देर बाद धनेश्वर होश में आ गया लेकिन उसका पिता मनीराम पटेल गंभीर रूप से घायल हो गया था परिजनों और ग्रामीणों ने उन्हें तत्काल जिला मेडिकल अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मनीराम पटेल को मृत घोषित कर दिया।

### कटघोरा में लगातार हो रही है बिजली की आंख मिचौली, लोगों में बढ़ रहा आक्रोश

**कटघोरा।** कटघोरा नगर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के हजारों लोग लगातार बिजली की आंख मिचौली से स्थानीय लोगों में आक्रोश बढ़ रहा है। बार बार बिजली कटौती ने आम जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। कटघोरा नगर सहित आसपास के गांवों में पिछले कई दिनों से बिजली की आंख-मिचौली लगातार जारी है।

## सीएसईबी चौक के समीप सुबह 12 बजे हुई घटना

# नो एंट्री में घुसे ट्रक ने एक्टिवा को मारी टक्कर मौत, प्रधान आरक्षक व आरक्षक निलंबित

**कोरबा।** सीएसईबी चौकी के सामने शुक्रवार की सुबह एक तेज रफ्तार ट्रक के चालक ने नो एंट्री में गाड़ी घुसा दी और सीधे एक्टिवा सवार को अपनी चपेट में ले लिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने दुर्घटना को अंजाम देने वाले ट्रक चालक को भी गिरफ्तार कर लिया है। वहीं सीएसईबी चौक में लापरवाही बरतने वाले यातायात में पदस्थ प्रधान आरक्षक व आरक्षक को एसपी ने निलंबित कर दिया है।

जानकारी के अनुसार ट्रक क्रमांक सीजी 04 एमएस 2996 जो नो-एंट्री के दौरान बुधवारी से सीएसईबी चौक होते हुए शहर में प्रवेश कर रहा था के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए चौक के पास स्कूटी क्रमांक सीजी 12 एएक्स 0386 को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी तेज थी कि स्कूटी सवार को संभलने का मौका नहीं मिला और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान खरमोरा निवासी व्यास नारायण राठौर पिता नत्थूराम राठौर के रुप में की गई। हादसे के होते ही मौके पर लोगों की भारी भीड़ एकत्र हो गई। दुर्घटना को अंजाम देने वाले ट्रक चालक के खिलाफ पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। हादसे के समय सीएसईबी चौकी में प्रधान आरक्षक शंखधर जायसवाल, व आरक्षक टंकेश्वर पटेल की ड्यूटी थी।इस दौरान उनके द्वारा लापरवाही बरती गई। मामला सामने आते ही पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए नो एंट्री में ट्रक घुसने के कारण घोर लापरवाही मानते हुए पुलिस प्रधान आरक्षक शंखधर व आरक्षक टंकेश्वर पटेल को निलंबित कर दिया है।



घटना स्थल पर जुटी भीड़।



दुर्घटनाग्रस्त स्कूटी।

### इमलीडुग्गू बाईपास मार्ग पर नाले में गिरी हाइवा

इमलीडुग्गू बाईपास मार्ग पर शुक्रवार देर रात एक तेज रफ्तार हाइवा अचानक अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे करीब 20 फीट गहरे नाले में जा गिरा। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, वाहन चलाते समय चालक को नींद की झपकी आने से यह हादसा हुआ। जानकारी के अनुसार हाइवा सड़क से उतरते हुए सीधे नाले में जा गिरा। घटना का सुखद पहलु यह रहा कि इस घटना में चालक परिचालक बाल बाल बच गये।



## जेबीसीसीआई-12 के गठन में देरी पर दीपका में गरजे कोयला कामगार



विरोध प्रदर्शन करते केएमएस के पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जेबीसीसीआई-12 के गठन में हो रही देरी के विरोध में दीपका क्षेत्र में कोयला मजदूर सभा ने जोरदार प्रदर्शन किया। श्रमिकों ने प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए महाप्रबंधक को ज्ञापन सौंपा और जल्द से जल्द जेबीसीसीआई-12 का गठन सुनिश्चित कराने की मांग उठाई।

**खास बातें**
- कोयला मजदूर सभा ने प्रदर्शन कर महाप्रबंधक को सौंपा ज्ञापन
- जल्द गठन नहीं होने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी

प्रदर्शन के दौरान श्रमिक नेताओं ने कहा कि वेतन समझौते और कोयला कामगारों के हितों से जुड़े इस महत्वपूर्ण बोर्ड के गठन में लगातार हो रही देरी से मजदूरों में भारी नाराजगी है। उनका कहना था कि प्रबंधन का ढुलमुल रवैया अब स्वीकार नहीं किया जाएगा। यदि जल्द निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को और व्यापक तथा उग्र किया जाएगा। प्रदर्शन में केंद्रीय सचिव एवं जेसीसी सदस्य गिरिजा साहू, जेसीसी सदस्य विजय, क्षेत्रीय कल्याण समिति सदस्य मदन और लोकपाल, क्षेत्रीय सुरक्षा समिति सदस्य जगदीश सिंह और नंद कुमार राठौर, आवास आबंटन समिति सदस्य धनसिंह और दिनेश्वर साहू मौजूद रहे। गेवरा क्षेत्र से जेसीसी सदस्य शिव कुमार, राजेश सिंह, क्षेत्रीय कल्याण समिति सदस्य टूकेश साहू, क्षेत्रीय सुरक्षा समिति सदस्य आर.एस. तिवारी और छतराम साहू, भगवान दास कुलदीप सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भी प्रदर्शन में शामिल हुए। कोयला मजदूर सभा के पदाधिकारियों और बड़ी संख्या में कोयला कामगारों ने एकजुट होकर कहा कि जेबीसीसीआई-12 का गठन होने तक उनका लोकतांत्रिक और शांतिपूर्ण आंदोलन लगातार जारी रहेगा।

## सराफा कारोबारी से लूट के आरोपियों की सूचना देने वालों को मिलेगा ईनाम



लाल घेरे में आरोपी।



आरोपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छुरी स्थित राज ज्वेलर्स में लूटपाट करने वाले आरोपियों का सुराग बताने वाले को पुलिस 10 हजार रुपए नगद ईनाम देगी साथ ही आरोपियों की धरपकड़ के लिए पुलिस अधीक्षक ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नितिश ठाकुर के नेतृत्व में 16 अधिकारी कर्मचारियों की विशेष टीम गठित की गई है।

उल्लेखनीय है कि दो दिन पहले कटघोरा थाना क्षेत्र में राज ज्वेलर्स में लूटपाट की घटना सामने आयी थी। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने कटघोरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम छुरीकला में राज ज्वेलर्स हुई लूट की कोशिश के मामले में फरार अज्ञात आरोपियों की तस्वीर जारी की है।इसके साथ ही पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी में मदद करने वाली सही सूचना देने वाले व्यक्ति को 10 हजार रुपये का नगद पुरस्कार देने की घोषणा की है। इसके अलावा आरोपियों के धरपकड़ के लिए नितिश ठाकुर के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई है जिसमें कटघोरा थाना प्रभारी एमबी पटेल, निरीक्षक धरमनारायण तिवारी, उपनिरीक्षक नकुल झरिया, दीपक कुमार, सउनि रामपांडेय, प्रआर अनुज सिंह, गुनाराम सिन्हा, आरक्षक डेमन ओग्रे, सुनील राजपूत, सुशील यादव, श्याम सिदार, अजय खुटले, पुष्पेंद्रकुर्रे, रविंद्र चौबे, संजीव सिंह, आलोक टोप्पो को टीम में शामिल किया गया है।

### सीसीटीवी फुटेज से मिली तस्वीरें

घटना के बाद से ही तीनों नकाबपोश आरोपी फरार हैं। पुलिस लगातार उनकी तलाश में जुटी हुई है, लेकिन अब तक उनका कोई सुराग नहीं मिल पाया है। पुलिस ने घटना स्थल और आस-पास के सीसीटीवी कैमरों को खंगाला, जिससे आरोपियों की तस्वीरें सामने आई हैं, जिन्हें अब सार्वजनिक किया गया है।

## पसरखेत में निकला किंग कोबरा, किया गया रेस्क्यू

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बारिश के शुरु होते ही विभिन्न प्रकार के जीव-जंतु एवं सरीसृप आसपास के घरों तथा जंगलों से निकलते हुए दिखाई देना सामान्य बात है। कोरबा वन मंडल अपनी समृद्ध जैव विविधता के लिए प्रसिद्ध है। इसी कड़ी में कोरबा वन मंडल के वन परिक्षेत्र पसरखेत अंतर्गत कोरबा–हाटी मुख्य मार्ग के किनारे बहने वाले नाले के समीप स्थित झाड़ियों के पास एक विशालकाय किंग कोबरा सड़क पार करता हुआ दिखाई दिया। उसे देखकर स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई और इस मार्ग से आवागमन कुछ समय के लिए थम सा गया। स्थानीय लोगों ने किंग कोबरा की सूचना वनमंडल अधिकारी श्रीमती प्रेमलता यादव को अवगत कराया। उनके निर्देश पर उपवन मंडलाधिकारी सूर्यकांत सोनी के मार्गदर्शन में रेस्क्यू अभियान प्रारंभ किया गया। अविनाश यादव अपनी टीम के साथ पहुंचे और किंग कोबरा का रेस्क्यू कर सुरक्षित जंगल में छोड़ा गया।



## सघन मोटर साइकिल एवं पैदल पेट्रोलिंग कर संदिग्धों व वाहनों की हुई जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण एवं अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक द्वारा दिए गए निर्देशों के पालन में थाना एवं चौकी क्षेत्रों में लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में थाना कोतवाली एवं चौकी मानिकपुर पुलिस द्वारा नगर निरीक्षक एवं चौकी प्रभारी के नेतृत्व में थाना क्षेत्र के विभिन्न संवेदनशील एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों, चौक-चौराहों एवं बस्तियों में सघन मोटर साइकिल एवं पैदल पेट्रोलिंग की गई। इस दौरान पुराने बस स्टैंड, सीतामणी चौक, मोतीसागरपारा, पावर हाउस रोड, राताखार चौक, सर्वमंगला, फोकटपारा, पानी टंकी मोहल्ला, शुभम ब्लॉक, मुड़ापार, रविशंकर नगर, अमरेया पारा सहित अन्य क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी गई। इसके अतिरिक्त थाना कोतवाली एवं चौकी मानिकपुर क्षेत्र में निवासरत 11 गुंडा बदमाशों के घर पहुंचकर उनकी गतिविधियों का सत्यापन किया गया तथा उन्हें शांतिपूर्ण जीवन व्यतीत करने, किसी भी प्रकार के अपराध में शामिल नहीं होने एवं कानून का पालन करने की सख्त हिदायत दी गई। उन्हें स्पष्ट रूप से अवगत कराया गया कि भविष्य में किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि में संलिप्त पाए जाने पर उनके विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।



### शाउमावि अजगरबहार में मना शाला प्रवेशोत्सव

**कोरबा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अजगरबहार में नवीन शिक्षा सत्र 2026–27 के शुभारंभ अवसर पर शाला प्रवेशोत्सव एवं न्योता भोज का आयोजन उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य नवप्रवेशी विद्यार्थियों का आत्मीय स्वागत करना, शिक्षा के प्रति प्रेरित करना तथा विद्यालय से जोड़ना रहा। कार्यक्रम के संबंध में मानसिंह राठिया ने बताया कि सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के तैल्यचित्र में दीप प्रज्ज्वलित कर व छात्राओं द्वारा शारद वंदना स्वागत गीत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम से शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नारायण सिंह सरपंच ग्राम पंचायत अजगरबहार, अध्यक्षता अमरसिंह कंवर अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकास समिति ने की। विशिष्ट अतिथि के रुप में लवभूषण प्रताप सिंह सदस्य शाला प्रबंधन एवं विकास समिति उपस्थित रहे।


TOP IN JANJGIR
GURUKRIPA COLLEGE
ADMISSION GUIDENS 2026-27
SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | B. PHARMA, D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 4 & 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742

N.S.D.C National Skill Development Corporation
APPROVED BY NSDC CENTER NO. 69240
Leda's
पैरामेडिकल एवं नर्सिंग कोर्स
10 वी एवं 12 वी के छात्रो के लिए सुनहरा अवसर एक वर्षीय कोर्स
प्रवेश प्रारंभ सीमित सीट उपलब्ध
आकाश एजुकेशनल एकेडमी
केरा रोड, रजनीश बुक डिपो के सामने तिवारी काम्प्लेक्स जांजगीर (छ.ग.) 495668 मो. 9399743304
कोर्स
- MPW-पोस्ट डिप्लोमा इन मल्टी पर्पस हेल्थ वर्कर
- COT-सर्टिफिकेट इन OT टेक्नीशियन
- DMLT-डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीशियन
- EMT-पोस्ट डिप्लोमा इन इमरजेंसी मेडिकल टेक्नी.
- एक्स-रे टेक्नीशियन
- पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन फिजिशियन एसिसटेंश
अस्पतालो या पैथोलैब में कार्यरत विद्यार्थियो के पत्राचार एवं साप्ताहिक सुविधा उपलब्ध

ADMISSIONS OPEN
Balvatika PLAY SCHOOL
PLAYGROUP TO CLASS 8TH
PLAYGROUP | NURSERY | JUNIOR KG | SENIOR KG | CLASS 1st to CLASS 8th
9098888246 | 9098888644
Founder & Director DHANANJAY CHATURVEDI B.Tech, M.Tech, M.Sc, B.Ed, PhD Pursuing 15 Years Experience

EDUCATION HUB
एक सफल भविष्य की शुरुआत
ADMISSION OPEN ENROLL NOW
CG & CBSE BOARD
Hindi & English Medium
CLASSES 1st to 8th ALL SUBJECT
SPECIAL CLASS 9th to 12th
PHYSICS | CHEMISTRY | MATHSBIOLOGY | COMMERCE
9098888246 | 9098888644
Founder & Director DHANANJAY CHATURVEDI B.Tech, M.Tech, M.Sc, B.Ed, PhD Pursuing 15 Years Experience

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोडों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त



## हेल्थ केयर पाठ्यक्रमों में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित है

**सत्र 2026-27**

निम्न तालिका अनुसार छ.ग. के विभिन्न जिलों में 12वीं के प्राप्तांकों के अनुसार व्यावसायिक प्रशिक्षण संस्थानों में विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित हैं।

| उपलब्ध प्रशिक्षण केन्द्र | DMLT डिप्लोमा इन मेडिकल लैब | BMLT बैचलर इन (मेडिकल लैब) | DMRT डिप्लोमा X-RAY | BMRT बैचलर X-RAY | COT सर्टिफिकेट इन ऑपरेशन थियेटर | BPT बैचलर इन फिजियोथेरेपी | HM हॉस्पिटल मैनेजमेंट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रायपुर | 80 सीटें | 60 सीटें | 80 सीटें | 60 सीटें | 80 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| जगदलपुर | 80 सीटें | 60 सीटें | 80 सीटें | 60 सीटें | 80 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| बिलासपुर | 80 सीटें | 60 सीटें | 80 सीटें | 60 सीटें | 80 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| अंबिकापुर | 80 सीटें | 60 सीटें | 80 सीटें | 60 सीटें | 80 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |

**आवेदन हेतु :-** 12 वीं कक्षा विज्ञान संकाय में न्यूनतम प्रतिशत, अनु. जनजाति 40 प्रतिशत, अनु. जाति 42 प्रतिशत, सामान्य 50 प्रतिशत या अधिक, दिव्यांगजन/सैनिक, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वर्ग के उम्मीदवारों हेतु निर्धारित सीटें आरक्षित हैं।

**नोट:-**
1. आवेदन निम्न दिये गये आवेदन पत्र के प्रारूप को कम्प्युटर द्वारा टाईप कराकर अपना पूर्ण विवरण स्पष्ट रूप से भरे । साथ ही 10X4 साईज का लिफाफा जिसमें आवेदक का पूर्ण पता लिखकर कार्यालय के पते पर पोस्ट द्वारा नियत तिथि तक भेजें।
2. चयनित आवेदक को कॉल लेटर फोन मैसेज / व्हाट्सअप मैसेज द्वारा सूचित किया जायेगा।
3. छ.ग. के किसी भी जिले के आवेदक किसी भी जिले के लिए आवेदन कर सकते हैं।
4. जो विद्यार्थी सत्र 2025-26 में उत्तीर्ण हुए हैं, वे 12 वीं का रिजल्ट ऑनलाईन कॉपी लगार आवेदन कर सकते हैं।

**आवेदन की अंतिम तिथि 25 जुलाई 2026**

कार्यालय का पता : समता फेस-2, सुयश हॉस्पिटल के पीछे, पानी टंकी के सामने, कोटा, रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492010
8839189302, 7777887992

**आवेदन पत्र भेजने का प्रारूप**

फोटो

प्रति,
संचालक
व्यावसायिक प्रशिक्षण संस्थान, रायपुर (छ.ग.)

महोदय,
....................................(पाठ्यक्रम का नाम ) में चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा / रही हूं।
1. आवेदक का नाम.................... 2. पिता/पति का नाम....................
3. जन्मतिथि....................4.वर्ग- अनु. जनजाति ☐ अनु. जाति ☐ अन्य पिछड़ा वर्ग ☐ सामान्य ☐
5. पत्र व्यवहार का पताः ग्राम....................पो....................तहसील....................
जिला....................
पिन कोड....................मोबाईल नं. 1....................2....................व्हाट्सअप नं....................
6. केंन्द्र का नाम (जहाँ चयन पश्चात प्रवेश लेना चाहते हैं)....................
7. शैक्षणिक योगयता:-

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | कुल अंक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |



# मैं 'हेरा फेरी 3 को धुरंधर से भी बड़ा बनाता : प्रियदर्शन

**नई दिल्ली।** हेराफेरी से एग्जिट लेने पर साफ-साफ बात करते हुए प्रियदर्शन ने कहा, 'फिरोज ने अक्षय से कहा था, 'तुम्हारे पास हेरा फेरी 3 बनाने के अधिकार हैं, लेकिन इसे कभी भी प्रियदर्शन के साथ मत बनाना। बस यही मेरी गुजारिश है।' उन्होंने कई बार मेरी बेइज्जती की है, उन्होंने मुझसे कहा था कि हेरा फेरी का मेरा कट किसी गरीब आदमी के वर्शन जैसा लगता था, और उन्हें मेरी पांच घंटे की फिल्म को एडिट करना पड़ा था'। उन्होंने बताया, 'शुरू में मैं अक्षय के साथ तीसरा पार्ट बनाने के लिए तैयार हो गया था, क्योंकि मुझे लगा कि मैं देश की सबसे बड़ी फ्रैचाइजी में से एक बना सकता हूं। अगर मैंने इसे डायरेक्ट किया होता, तो मैं इसे 'धुरंधर' से भी बड़ा बना सकता था। अक्षय कुमार , सुनील शेट्टी और परेश रावल ने मुझसे 'हेरा फेरी 3' बनाने का अनुरोध किया था।

लाइफ Style

# दिव्या

## आजकल एक रील से बन सकते हैं स्टार

दिव्या दत्ता को हाल ही में वेब सीरीज 'चिरैया' में एक ऐसी महिला का किरदार निभाने के लिए तारीफ मिली, जो अपने परिवार के खिलाफ आवाज उठाती है। हाल ही में दिव्या ने सोशल मीडिया के दौर में एक्टर्स के सामने आने वाली नई चुनौतियों, किरदार पर आधारित कहानियों पर स्टार सिस्टम के असर और दूसरी चीजों के बारे में बात की।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

दिव्या का मानना है कि आज के एक्टर्स के लिए नई चुनौती सोशल मीडिया और इन्फ्लुएंसर कल्चर का बढ़ना है। दिव्या दत्ता ने सोशल मीडिया के दौर और नए एक्टर्स के सामने आने वाली चुनौतियों को लेकर कहा कि जब मौकों की बात आती है, तो मुझे लगता है कि जब मैंने शुरुआत की थी, तब हमें कहीं ज्यादा मुश्किलों का सामना करना पड़ा था, क्योंकि तब मौके और माध्यम कम थे। आजकल आप अपने लिए एक रील बना सकते हैं और अचानक स्टार बन सकते हैं। प्रोड्यूसर आप पर ध्यान देते हैं और कहते हैं, 'ठीक है, इस व्यक्ति को लेते हैं।'इस लिहाज से यह आसान हो गया है। कई इन्फ्लुएंसर्स ने अपने लिए मजबूत कॅरियर बनाया है, लेकिन इसके दूसरे पहलू भी हैं। इसका असर मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ता है। युवा पीढ़ी अब ऐसी स्थिति में फंसी हुई है जहां सब कुछ लाइक्स, वैलिडेशन और विजिबिलिटी के इर्द-गिर्द घूमता है। इस सवाल पर कि बॉलीवुड आज भी महिलाओं के मजबूत किरदारों को दिखाने में क्यों संघर्ष करता है, एक्ट्रेस कहती हैं कि ऐसे रोल मौजूद तो हैं, लेकिन कम हैं। मेरे दिमाग में सबसे पहले 'दामिनी' फिल्म आती है, जिसमें महिलाओं का एक बहुत मजबूत किरदार था। लेकिन, और भी फिल्में हैं।



हॉलीवुड मसाला




# माउई के रूप में शानदार वापसी

**लॉस एंजिल्स।** कुछ किरदार ऐसे होते हैं जिन्हें अभिनेता निभाते हैं, और कुछ ऐसे जो अभिनेता की पहचान बन जाते हैं। दुनिया के सबसे बड़े सुपरस्टार्स में शुमार, बॉक्स ऑफिस के बादशाह और करोड़ों दिलों की धड़कन ड्वेन 'द रॉक' जॉनसन के लिए माउई ऐसा ही एक किरदार है। 10 जुलाई को जब डिज्नी की लाइव-एक्शन फिल्म मोआना भारत में अंग्रेजी और हिंदी में सिनेमाघरों में रिलीज होगी, तब जॉनसन सिर्फ 2016 की सुपरहिट एनिमेटेड फिल्म के अपने लोकप्रिय किरदार में वापसी नहीं करेंगे, बल्कि पहली बार उसे पूरी तरह जीवंत रूप में बड़े पर्दे पर निभाते नजर आएंगे—अपने मशहूर टैटू, दमदार व्यक्तित्व और उसी करिश्मे के साथ।




# द ओडिसी से धमाका करने के लिए तैयार क्रिस्टोफर

**नई दिल्ली।** दिग्गज फिल्ममेकर क्रिस्टोफर नोलन फिर से अपनी मोस्ट एंटीसिपेटेड फिल्म से दुनियाभर में तहलका मचाने जा रहे हैं। ओपेनहाइमर की रिलीज के तीन साल बाद क्रिस्टोफर फैंटेसी ड्रामा 'द ओडिसी' लेकर आ रहे हैं। सिनेमाघरों में रिलीज से सिर्फ 15 दिन पहले ही 'द ओडिसी' का फाइनल ट्रेलर जारी किया गया है, जिसने आउट होते ही इंटरनेट पर धमाल मचा दिया है। फाइनल ट्रेलर 'द ओडिसी' की भव्यता को और करीब से दिखाता है। फिल्म पर करीब 2100 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं। यह फिल्म 17 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। 'द ओडिसी' के फाइनल ट्रेलर में डेमन के ओडिसियस और चार्लीज थेरॉन के कैलिप्सो की और झलक मिलती है। साथ ही यह भी दिखाया गया है कि कैसे ट्रोजन वॉर के बाद ओडिसियस घर अपने परिवार के पास लौटने के लिए बेताब है। इस ट्रेलर में परिवार का मोह, युद्ध और घर वापसी की बेचैनी को खूबसूरती से दिखाया गया है।



# जरूरतमंद की मदद के लिए बढ़ाया हाथ

**मुंबई।** रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी मुंबई की भारी बारिश के बावजूद मंदिर दर्शन के लिए पहुंचीं। साथ ही उन्होंने जिस तरह एक जरूरतमंद की मदद की, उसे देखकर फैंस राशा के कायल हो गए। रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी ने अपने कॅरियर की शुरुआत पिछले साल आजाद से की थी। इस फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर बड़ी सफलता नहीं मिली। लेकिन, राशा के पास ऑफर्स की कमी नहीं है। अपनी फिल्मों के अलावा वह अपने व्यवहार को लेकर भी चर्चा में रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस का एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें वह बारिश के मौमस में मुंबई के एक मंदिर में पहुंचीं। इस दौरान एक बूढ़ी महिला उनसे मदद मांगती दिखे, राशा ने भी मदद का हाथ बढ़ाया। राशा की इस दरियादिली को फैंस अब खूब सराह रहे हैं। वायरल वीडियो में नजर आ रहा है कि राशा मंदिर में भगवान के दर्शन करने के बाद बाहर निकलती हैं।



# तलाक के बाद नहीं ली 400 करोड़ की एलिमनी

**नई दिल्ली।** एक्टर ऋतिक रोशन और सुजैन खान का तलाक देश भर में चर्चा का विषय बना था। दोनों की शादी 15 साल से ज्यादा चली थी और उनके दो बेटे भी हैं। लेकिन उनके अलग होने और कोर्ट केस की खबरों के बीच ऐसी खबरें भी आईं कि सुजैन ने ऋतिक से एलिमनी (तलाक के बाद मिलने वाली रकम) के तौर पर 400 करोड़ की मांग की थी और बॉलीवुड में इसे अब तक का सबसे महंगा तलाक भी माना जाता है। अब उनकी बहन और ज्वेलरी डिजाइनर फराह खान अली ने इन दावों को गलत बताया है और कहा है कि सुजैन को इस तरह पैसों की जरूरत नहीं थी। फराह खान अली ने उस समय को याद किया जब ऋतिक और सुजैन ने अपने तलाक की बात सबके सामने रखी थी। उन्होंने कहा, 'हर कोई हैरान था। बहुत हंगामा हुआ था।

टीवी मसाला



# 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' ने बदल दी मेरी जिंदगी

**नई दिल्ली।** एकता कपूर ने टेलीविजन जगत में सास-बहू और फैमिली ड्रामा आधारित सीरियल्स में ऐसा प्रयोग किया कि दर्शक खूब आकर्षित हुए। साल 2000 के आसपास 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' और 'कहानी घर घर की' जैसे सीरियल्स का क्रेज जबर्दस्त था और घर-घर में देखे जाते थे। 'क्योंकि...' का दूसरा सीजन इन दिनों प्रसारित हो रहा है। इसके सफर पर एकता कपूर ने बात की। एकता कपूर का मानना है कि सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' ने उनकी जिंदगी बदल दी। प्रोड्यूसर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से शुक्रवार को एक पोस्ट साझा किया है। इसमें उन्होंने शो के दूसरे सीजन का नया प्रोमो पोस्ट किया है, जिसमें घर के अंदर हुए बदलावों की झलक है। पोस्ट के साथ एकता कपूर ने कैप्शन लिखा है, '26 साल पहले एक शो आया था, जिसने मेरी जिंदगी बदल दी। समीर सर, स्टार प्लस, बालाजी टीम, तनु, स्मृति और सभी एक्टर्स का शुक्रिया। और हां, सबसे ज्यादा शुक्रिया उन राइटर्स और टीम का, जो इसे ऐसा बनाने के लिए लगातार काम करते हैं। जय माता दी'। बता दें कि शो के दूसरे सीजन में नए बदलाव देखने को मिलने वाले हैं। फिलहाल तुलसी जेल में है। दो किरदारों- पार्थ और रेयांश की शो से विदाई हो चुकी है। सीरियल की कहानी 10 साल आगे बढ़ने वाली है। कमान नई पीढ़ी को सौंपी जाएगी। लंबे वक्त से सीरियल में मिहिर अनुपस्थित है। देखना दिलचस्प होगा कि दस साल आगे बढ़ने के बाद शो क्या मोड़ लेता है। तुलसी और मिहिर की क्या भूमिका होगी?

## सुनील अरसे बाद पत्नी संग दिखे

**नई दिल्ली।** एक्टर-कॉमेडियन सुनील ग्रोवर गुरुवार रात अपनी पत्नी आरती ग्रोवर के साथ नजर आए। मुंबई में बाहर निकलते समय पैपराजी ने इस कपल को देखा। सोशल मीडिया पर आए एक वीडियो में सुनील, आरती का हाथ थामे



हुए चलते दिखे। पैपराजी को देखकर वे दोनों रुके और मुस्कुराते हुए कैमरों के लिए पोज दिया। वैसे सुनील न तो पत्नी के साथ ज्यादा फोटोज शेयर करते हैं और दिखते भी बहुत कम ही हैं। ऐसे में उनकी बीवी को साथ देख सभी चौंक गए और कपल की सादगी ने हर किसी का दिल लूट लिया। इस आउटिंग के लिए सुनील ग्रोवर ने सफेद टी-शर्ट के ऊपर कैजुअल ब्लैक ब्लेजर और उसके साथ ढीली-ढाली, ओवरसाइज़्ड नीली कार्गो ट्राउजर पहनी थी। वहीं, आरती हल्के रंग के, वर्टिकल स्ट्राइप्स वाले फुल-स्लीव टॉप में सिंपल लुक में दिखीं। इस टॉप में आरामदायक फिट के लिए इलास्टिक वाली ड्रॉस्ट्रिंग हेम थी।

# लव एंड वॉर के लिए विक्की ने किया जबरदस्त ट्रांसफॉर्मेशन



**मुंबई।** एक्टर विक्की कौशल संजय लीला भंसाली के साथ अपनी पहली फिल्म 'लव एंड वॉर' की रिलीज की तैयारी कर रहे हैं। दो साल से ज्यादा समय से बन रही यह फिल्म अब पूरी होने वाली है। अब ऐसी जानकारी सामने आ रही है कि विक्की कौशल ने अपने किरदार के दो अलग-अलग रूप दिखाने के लिए जबरदस्त फिजिकल ट्रांसफॉर्मेशन किया है। उन्होंने पहले काफी वजन बढ़ाया और फिर उसे पूरी तरह घटाया। 'लव एंड वॉर' की शूटिंग शुरू करते समय किरदार में ढलने के लिए उन्होंने लगभग 12 किलो वजन बढ़ाया और फिर फिल्म के क्लाइमेक्स की शूटिंग के लिए लगभग 15 किलो वजन घटाकर जबरदस्त ट्रांसफॉर्मेशन किया। अपने काम के प्रति उनका समर्पण हमेशा ही काबिले-तारीफ रहा है। यह पहली बार नहीं है जब विक्की ने किसी रोल के लिए अपना फिजिकल ट्रांसफॉर्मेशन किया हो। एक्टर ने 2025 की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'छावा' में छत्रपति संभाजी महाराज की भूमिका के लिए भी इसी तरह का मुश्किल ट्रांसफॉर्मेशन किया था। 'लव एंड वॉर' रोमांस और एविएशन पर आधारित एक पीरियड ड्रामा फिल्म है, जिसमें विक्की कौशल, रणबीर कपूर और आलिया भट्ट प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। हालांकि मेकर्स ने फिल्म के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी है।

# वीकेंड पर घर बैठे देखिये ये टॉप क्राइम-थ्रिलर फिल्में

**नई दिल्ली।** वीकेंड पर हर कोई फैमिली के साथ एंजॉय करना चाहता है और फैमिली टाइम बिताना चाहता है। ऐसे में ओटीटी वीकेंड पर फैमिली टाइम का एक बेहतरीन जरिया है, जहां आप पूरे परिवार के साथ बैठकर किसी फिल्म या सीरीज का आनंद उठा सकते हैं, वो भी घर बैठे। आइए जानते हैं ओटीटी पर मौजूद टॉप-5 हिंदी क्राइम-थ्रिलर फिल्मों के बारे में, जिन्हें आप ओटीटी पर घर बैठे फैमिली के साथ भी देख सकते हैं।

### दृश्यम 2

आईएमडीबी रेटिंग के मुताबिक, अजय देवगन, तब्बू और अक्षय खन्ना स्टारर 'दृश्यम 2' हिंदी क्राइम थ्रिलर फिल्मों में टॉप पर है। इसके रेटिंग 8.4 है। फिल्म की कहानी अजय देवगन द्वारा निभाए गए किरदार विजय सलगांवकर के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपने परिवार को बचाने के लिए किसी भी हद तक जाता है और एक लाश को छिपाता है। जिसे पुलिस ढूंढने का प्रयास कर रही है। फिल्म का निर्देशन अभिषेक पाठक ने किया है और ये फिल्म प्राइम वीडियो पर मौजूद है।



### अंधाधुंन

आयुष्मान खुराना, तब्बू और राधिका आप्टे स्टारर 'अंधाधुंन' एक शानदार क्राइम-थ्रिलर फिल्म है। आईएमडीबी के मुताबिक इसकी रेटिंग 8.2 है। फिल्म की कहानी आकाश (आयुष्मान खुराना) नाम के एक ऐसे पियानोवादक की है, जो अंधा होने का नाटक करता है। एक दिन वह अनजाने में एक पूर्व अभिनेता के मर्डर और उसकी पत्नी (तब्बू) के काले कारनामों का गवाह बन जाता है, जिससे उसकी जान पर बन आती है। यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर मौजूद है। इसका निर्देशन श्रीराम राघवन ने किया है।

### कहानी

सुजॉय घोष द्वारा निर्देशित 'कहानी' में विद्या बालन प्रमुख भूमिका में हैं। इस फिल्म की कहानी लंदन से कोलकाता आई एक गर्भवती महिला विद्या बागची (विद्या बालन) के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपने लापता पति की तलाश कर रही है। शहर में कोई उसकी मदद नहीं करता और दावा करता है कि उसके पति का कोई अस्तित्व ही नहीं है। फिल्म की आईएमडीबी रेटिंग 8.1 है और इसे आप प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।

### ए वेडनेसडे

नसीरुद्दीन शाह और अनुपम खेर स्टारर 'ए वेडनेसडे' एक सफल क्राइम-थ्रिलर फिल्म है। फिल्म की कहानी एक आम नागरिक और रिटायर्ड पुलिस कमिश्नर प्रकाश राठौड़ (अनुपम खेर) के इर्द-गिर्द घूमती है। जहां एक कॉमन मैन (नसीरुद्दीन शाह) सिर्फ फोन कॉल के जरिए मुंबई में बम की धमकी देता है और बदले में कुछ आतंकवादियों को छुड़वाने की बात कहता है।

**संगीत और अभिनय विरासत में मिला था, दुर्गा पूजा उत्सवों में गाते थे**

# 45 साल पहले अमित ने पापा किशोर कुमार को हराकर जीता था ये अवॉर्ड

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

यह बात साल 1975 की है। बंबई के एक छोटे से म्यूजिक रूम में 23 साल का एक नौजवान बेहद घबराया हुआ खड़ा था। उसके ठीक सामने आरडी बर्मन (पंचम दा) बैठे थे और उनके बगल में मन्ना डे तथा किशोर कुमार जैसे महानायक थे। आरडी बर्मन के कहने पर उस नौजवान ने बेहद संकोच और थरथराती आवाज में एक गीत सुनाया। वह नौजवान कोई और नहीं, बल्कि किशोर कुमार के बड़े बेटे अमित कुमार थे। 3 जुलाई 1952 को कोलकाता में जन्मे अमित कुमार को संगीत और अभिनय विरासत में मिला था। उनके पिता किशोर कुमार और मां रूमा गुहा ठाकुरता (प्रसिद्ध बंगाली अभिनेत्री और 'कलकत्ता यूथ चायर' की संस्थापक) थीं। उनके परिवार का नाता फिल्म जगत की दिग्गज हस्तियों से रहा है, जिसमें उनकी सौतेली माताओं में मधुबाला, योगिता बाली और लीना चंदावरकर शामिल थीं, जबकि अभिनेत्री काजोल उनकी भतीजी हैं।



### 11 साल की उम्र में गाया पहला गाना

अमित कुमार का शुरुआती बचपन कोलकाता में बीता, जहां वे दुर्गा पूजा उत्सवों में गाते थे। ऐसे ही एक कार्यक्रम में महान बंगाली अभिनेता उत्तम कुमार ने उनकी प्रतिभा को सराहा। जब मां ने शिकायत की कि अमित केवल 'फिल्मी' गाने गाता है, तो किशोर कुमार उन्हें बंबई ले आए। बंबई आने से पहले ही उन्होंने अपने पिता की निर्देशित फिल्म 'दूर गगन की छांव में' (1964) में अभिनय किया था और फिल्म 'दूर का राही' (1971) के लिए 11 साल की उम्र में अपना पहला गीत 'मैं पंछी मतवाला रे' रिकॉर्ड किया था।

### इस गाने के कारण बने रातों रात स्टार

साल 1981 में रिलीज़ हुई फिल्म 'लव स्टोरी' के गाने 'याद आ रही है' ने उन्हें रातोंरात स्टार बना दिया। इस सफलता का सबसे ऐतिहासिक क्षण साल 1982 के फिल्मफेयर अवार्ड्स में आया। बेस्ट मेल प्लेबैक सिंगर की श्रेणी में पिता किशोर कुमार और बेटे अमित कुमार आमने-सामने थे। किशोर कुमार की बात करें तो उन्हें दो नॉमिनेशन मिले थे, जिसमें कुदरत फिल्म का हमें तुमसे प्यार कितना और याराना फिल्म का छूकर मेरे मन को गाना था। कड़े मुकाबले के बाद विजेता अमित कुमार घोषित हुए और किशोर कुमार ने गर्व से अपने बेटे को गले लगा लिया। 1980 के दशक में वे कुमार गौरव, अनिल कपूर और संजय दत्त जैसे युवा कलाकारों की सिग्नेचर आवाज बन गए।

### अमित के पॉपुलर गाने

अमित कुमार के कॅरियर के प्रमुख गीतों की बात करें, तो बड़े अच्छे लगते हैं, तेरी याद आ रही है, एक दो तीन, रोज रोज आंखों तले, उठे सबके कदम, तू रूठा तो मैं मान जाऊंगा, तिरछी टोपीवाले और टिप टिप टिप टिप बारिश जैसे गीत शामिल हैं। 13 अक्टूबर 1987 को किशोर कुमार के आकस्मिक निधन ने पूरी फिल्म इंडस्ट्री को स्तब्ध कर दिया। इसके बाद अमित कुमार ने अपने पिता की अधूरी फिल्म 'ममता की छांव में' (1989) का निर्देशन संभाला और उसे पूरा किया। इसके बाद 4 जनवरी 1994 को उनके मार्गदर्शक आरडी बर्मन भी दुनिया से चले गए। उन्होंने 1990 के मध्य में प्लेबैक सिंगिंग छोड़ दी। उन्होंने अपनी संगीत कंपनी 'कुमार ब्रदर्स म्यूजिक' शुरू की और खुद को स्वतंत्र संगीत तथा विश्वव्यापी लाइव कॉन्सर्ट्स के लिए समर्पित कर दिया।

## खबर संक्षेप

### लायंस क्लब ने चिल्ड्रन गार्डन में फलदार पौधों का किया रोपण



**चांपा।** समाज सेवी संस्था लायंस क्लब चांपा ने लायनिज्म वर्ष 2026-27 के प्रथम दिवस पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक कदम बढ़ाते हुए क्लब के स्थाई सेवा गतिविधि के रूप में नगर के हृदय स्थल में स्थापित लायंस इंग्लिश हायर सेकंडरी स्कूल चांपा के चिल्ड्रन गार्डन में फलदार पौधों का रोपण किया। इस अवसर पर लायंस क्लब के अध्यक्ष एमजेएफ लायन संतोष कुमार सोनी अधिवक्ता, सचिव वासुदेव चंद देवांगन, विनोद कुमार अग्रवाल, राजेश अग्रवाल रीजन चेयरपर्सन रामप्रपन्न देवांगन चेयरमैन, प्रिंसिपल श्रीमती अजीता वी के , डॉ शरद बिरथरे , डॉ विश्वनाथ बिरथरे, संगीता अग्रवाल, लीनेस क्लब अध्यक्ष कल्याणी केशरवानी, सचिव डॉ इंदु साधवानी , डॉ धनेश्वरी जागृति, ममता अग्रवाल, ओ पी पाण्डेय , पूरन लाल बरेठ उपस्थित थे।

### जीवन बने खाद्य विभाग के विधायक प्रतिनिधि

**जांजगीर-चांपा।** स्थानीय ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के सचिव तथा पार्टी के अनुसूचित विभाग के



पदाधिकारी जीवन बंजारे को जांजगीर-चांपा क्षेत्र के कांग्रेस विधायक ब्यास कश्यप ने खाद्य विभाग के लिए अपना प्रतिनिधि नियुक्त किया है। बंजारे को इस आशय का नियुक्ति पत्र सौंपते हुए विधायक कश्यप ने कहा कि लगातार संगठन में सक्रिय रहकर अपनी पहचान बनानते हुए वे खाद्य विभाग की योजनाओं से आम जनता को लाभान्वित करने का कार्य करेंगे। बंजारे को खाद्य विभाग का विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किये जाने पर क्षेत्र के कांग्रेसजन ने हर्ष व्यक्त किया है।

### खरौद कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य को मिला ग्लोबल प्राइड अचीवर्स अवार्ड

**खरौद ।** गोपाल किरण समाजसेवी संस्था ग्वालियर, एस.आर .एम. विश्वविद्यालय दिल्ली एवं



गुलाटी इंस्टीट्यूट तिरुवंतपुरम केरल के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित डायसपोरा के बिखराव एवं संगठन पर आयोजित एकदिवसीय कार्यशाला में देश भर के शिक्षा विद, कानून विशेषज्ञ, विधि वे, साहित्यकार, समाजसेवी एवं शोधकर्ता नए गंभीर चिंतन किया। इस दौरान जिले के शासकीय लक्ष्मणेश्वर स्नातकोत्तर महाविद्यालय खरौद के प्रभारी प्राचार्य डॉ.जी. सी. भारद्वाज ने भी अपनी प्रस्तुति दी। केरल में आयोजित यह 22वीं अद्वितीय एक दिवसी कार्यक्रम में समाजशास्त्र के विभागाध्यक्ष और प्रभारी प्राचार्य डॉ. भारद्वाज नेडायस्पोरा का बिखराव और समर्पण विषय पर एक समाजशास्त्रीय विश्लेषण प्रस्तुत किया। जिसमें विश्व के सबसे बड़े प्रवासी भारतीय जिनकी आबादी 3:50 करोड़ से ऊपर है। जो अमेरिका, इंग्लैंड, जापान, रूस, कंबोडिया, वियतनाम, श्रीलंका, थाईलैंड, मलेशिया सहित विश्व के अनेक देशों में फैले हुए हैं। अपने मूल स्थान से दूर रहकर भी अपनी संस्कृति, सभ्यता को आत्मसात किया रहने पर प्रसन्नता एवं गर्व व्यक्त करते हुए भारतीय अस्मिता की बात कही। इस दौरान डॉ. जी. सी .भारद्वाज सहित 71 शिक्षाविद, कानून विशेषज्ञ, समाजसेवी एवं शोधार्थियों को ग्लोबल प्राइड अचीवर्स अवार्ड प्रदान किया गया।

### स्थानीय नगरपालिका में एल्डरमेन नियुक्त

**चांपा।** राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा चांपा नगरपालिका परिषद के लिए पांच नये एल्डरमेन नियुक्ति की गई है। गुरुवार को जारी आदेश के तहत सुश्री श्वेता श्रीवास, पूर्व पार्षद पवन पाठक, गौतम यादव, महाराजा सीताराम गुहा तथा कोरबा रोड निवासी सुधीर गर्ग को चांपा नगरपालिका के लिए एल्डरमेन नियुक्त किया गया है। यह आदेश विभाग के उपसचिव द्वारा जारी किया गया है। उल्लेखनीय है कि पालिका चुनाव संपन्न हुए काफी लंबा अर्सा हो गया है, लेकिन आखिरकार एल्डरमेन नियुक्ति कर दी गई है। इस नियुक्ति में पार्टी के किस नेता की चली इसे लेकर चर्चाओं का बाजार सरगर्म है।

## निधन

### दुर्गादत्त मुरारका

**चांपा।** स्थानीय बिर्रा रोड निवासी अग्रवाल समाज के वरिष्ठ एवं प्रतिष्ठित नागरिक स्व. बद्रीनारायण



मुरारका के ज्येष्ठ पुत्र दुर्गादत्त मुरारका का शुक्रवार 3 जुलाई को निवास पर निधन हो गया। वे 79 वर्ष के थे। स्व. मुरारका अपने पीछे पत्नी समेत तीन पुत्रों का भरा-पूरा परिवार छोड़ गये है। उनका अंतिम संस्कार शनिवार 4 जुलाई को सायं 4.30 बजे कोरबा रोड स्थित मारवाड़ी मुक्तिधाम में किया गया, जहां बड़ी संख्या में परिजन, सजातीय बंधुओं सहित गणमान्य नागरिक मौजूद थे। मुखाग्नि ज्येष्ठ पुत्र अविनाश मुरारका ने दी।

महीनों भर से दिन और रात कई घंटों तक बार-बार बंद कर दी जाती है बिजली

# बिजली कटौती से सारागांव विद्युत वितरण केंद्र के उपभोक्ता परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवरी-सारागांव




सारागांव विद्युत वितरण केंद्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम देवरी, सोनियापाठ, अमरूवा, जाटा के विद्युत उपभोक्ता लगातार हो रही बिजली कटौती से परेशान हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि बिना किसी स्पष्ट सूचना के दिन और रात महीनों भर से कई घंटों तक बार-बार बिजली बंद कर दी जाती है, जिससे आमजन को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

क्षेत्र के उपभोक्ताओं का कहना है कि गर्मी की मौसम हो या बारिश की मौसम लगातार बिजली गुल होने से लोगों की दिनचर्या प्रभावित हो रही है। दिन में घरेलू कार्यों के साथ-साथ व्यापारिक गतिविधियां भी प्रभावित होती हैं तो वहीं रात में बिजली बंद रहने से लोगों को सांप, बिच्छू का डर लगा रहता है । ग्रामीणों के अनुसार 2 जुलाई दिन और रात में कई कई घंटों तक बिजली आपूर्ति बाधित रही, वही 3 जुलाई को सुबह 5 बजे से 7 बजे तक बिजली बंद था । उसके बाद और 11 बजे बंद हुए शाम 5 :30 बजे तक बिजली नहीं आया था । सारागांव विद्युत वितरण केंद्र के अंतर्गत दर्जनों गांव आते हैं। उपभोक्ताओं का आरोप है कि विद्युत व्यवस्था में सुधार के लिए शासन द्वारा लाखों रुपये खर्च किए जा रहे हैं, इसके बावजूद विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा बिजली व्यवस्था दुरुस्त नहीं कर पा रही है। इससे उपभोक्ताओं में नाराजगी बढ़ती जा रही है। जानकारों के अनुसार किसी एक गांव में तकनीकी खराबी या फाल्ट आने पर संबंधित लाइन को सर्किट ( जंफर ) काट कर सुधार कार्य करने के बजाय सीधे विद्युत वितरण केंद्र से बिजली आपूर्ति बंद कर दी जाती है। इसके कारण एक गांव की समस्या का असर कई अन्य गांवों के उपभोक्ताओं पर भी पड़ता है। इससे ग्राम देवरी, सोनियापाठ, अमरूवा, जाटा गांव के लोगों को अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

**इन जगहों पर एबी स्वीच की जरूरत**-जानकारों का कहना है कि इन जगहों पर एबी स्वीच की जरूरत है देवरी के बाद अमरुवा और अमरुवा के बाद जाटा में जिससे एबी स्वीच रहने पर सभी गांव प्रभावित नहीं होगी और किसी गांव में फाल्ट होता है तो एबी स्वीच को बंद कर सुधार जा सकता है। ग्रामीणों ने विद्युत विभाग से नियमित एवं निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा फाल्ट सुधार की व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने की मांग की है।

**कराते हैं सुधार कार्य**

रोज नई नई जगह फाल्ट आ जाता है जिससे सुधार कार्य के लिए बिजली बंद करना पड़ता है। सुधार कार्य होने के बाद तुरंत बिजली बहाल कर दी जाती है।

**पंकज साव,** जेई
सारागांव विद्युत वितरण केंद्र

# बेटियों को हमेशा अपने अधिकारों के प्रति रहना चाहिए जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा



साहसी बेटी मुस्कान का सम्मान करते वेल विशर फाउंडेशन के पदाधिकारी।

■ नशे में आए दूल्हे को ठुकराने वाली मुस्कान प्रधान ने नशा मुक्ति का दिया सशक्त संदेश

वेल विशर फाउंडेशन द्वारा महावीर बाल संस्कार स्कूल में नशा जागरूकता एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में साहसी बेटी मुस्कान प्रधान को सम्मानित किया गया, जिसने शादी के मंडप में नशे में पहुंचे दूल्हे से विवाह करने से साफ इनकार कर समाज के सामने एक नई मिसाल कायम की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुस्कान प्रधान, वरिष्ठ समाजसेवी सतीश दीवान, पूर्व प्राचार्य के.डी. वैष्णव, थाना अकलतरा के उपनिरीक्षक (एसआई) सतेंद्र, आरक्षक कमल दास तथा महावीर बाल संस्कार स्कूल के प्राचार्य विपिन पांडे उपस्थित रहे।

अपने संबोधन में मुस्कान प्रधान ने कहा कि जीवन का सबसे बड़ा निर्णय आत्मसम्मान के साथ लिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब उन्होंने देखा कि दूल्हा शराब के नशे में है, तब उन्होंने बिना किसी दबाव के शादी से इनकार करने का निर्णय लिया। यह फैसला आसान नहीं था, लेकिन उन्हें विश्वास था कि नशे की बुनियाद पर शुरू होने वाला रिश्ता कभी सुखद नहीं हो सकता। उन्होंने छात्र-छात्राओं से कहा कि शिक्षा ही व्यक्ति को सही और गलत का निर्णय लेने की शक्ति देती है। बेटियों को हमेशा अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहना चाहिए और किसी भी प्रकार के अन्याय, शोषण या गलत परंपरा के सामने झुकना नहीं चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि समाज में बदलाव लाना है तो सबसे पहले स्वयं को मजबूत और शिक्षित बनाना होगा। वरिष्ठ समाजसेवी सतीश दीवान ने अपने संबोधन में कहा कि नशा केवल एक व्यक्ति को नहीं बल्कि पूरे परिवार की खुशियों को समाप्त कर देता है। उन्होंने कहा कि शराब और अन्य नशे के कारण अनेक परिवार बिखर रहे हैं, अपराध बढ़ रहे हैं और युवाओं का भविष्य अंधकारमय हो रहा है। पूर्व प्राचार्य के.डी. वैष्णव ने कहा कि मुस्कान प्रधान का निर्णय केवल एक व्यक्तिगत फैसला नहीं बल्कि पूरे समाज के लिए एक मजबूत संदेश है। उन्होंने कहा कि आज की बेटियों को मुस्कान की तरह आत्मविश्वासी और जागरूक बनने की आवश्यकता है। कार्यक्रम को थाना अकलतरा से पहुंचे उपनिरीक्षक सतेंद्र, प्राचार्य विपिन पांडे,वेल विशर फाउंडेशन की कोषाध्यक्ष रंजना सिंह ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने नशामुक्त समाज बनाने की सामूहिक शपथ भी दिलाई। विद्यार्थियों ने नशा मुक्ति से जुड़े संदेशों को ध्यानपूर्वक सुना और समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। समारोह के अंत में वेल विशर फाउंडेशन द्वारा मुस्कान प्रधान को श्रीफल, शॉल एवं स्मृति-चिह्न (मोमेंटो) भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन वेल विशर फाउंडेशन के सचिव चिराग शर्मा ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन सदस्य दीपक साहू ने किया। इस अवसर पर वेल विशर फाउंडेशन के सदस्य दीपक साहू, सतीश मानिकपुरी, प्रेम निलमलकर सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### नया बाराद्वार नगर पंचायत को मिले तीन नए एल्डरमेन



**बाराद्वार।** नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा नगर पंचायत के लिए एल्डरमेन की नियुक्ति की गई है। जारी आदेश के अनुसार अनामिका अरविन्द तिवारी, अरुण शर्मा एवं रविन्द्र खांडे को नगर पंचायत नया बाराद्वार का एल्डरमैन नियुक्त किया गया है। एल्डरमैन नियुक्त किए जाने की खबर मिलते ही नगर में खुशी का माहौल देखा गया। जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों एवं नगरवासियों ने तीनों नव-नियुक्त एल्डरमैन को शुभकामनाएं दीं। लोगों ने विश्वास व्यक्त किया कि उनके अनुभव और सक्रिय सहभागिता से नगर पंचायत के विकास कार्यों को नई दिशा मिलेगी तथा जनहित से जुड़े मुद्दों के समाधान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जाएगी। नगरवासियों ने छत्तीसगढ़ शासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उम्मीद जताई कि नव-नियुक्त एल्डरमैन नगर के विकास, स्वच्छता, मूलभूत सुविधाओं और जनसमस्याओं के निराकरण में सक्रिय योगदान देंगे।

# एसपी सहित पूरी पुलिस टीम का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सक्ती



पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल ठाकुर का सम्मान करते नगरपालिका अध्यक्ष।

■ 205 किलो गांजा जब्ती, दोहरे हत्याकांड, युवती हत्याकांड सहित कई चर्चित मामलों के सफल खुलासे पर पालिका अध्यक्ष ने शाल एवं स्मृति-चिह्न देकर किया सम्मानित

जिले में लगातार बड़ी आपराधिक घटनाओं का सफल खुलासा कर अपराधियों को सलाखों के पीछे पहुंचाने वाली सक्ती पुलिस के उत्कृष्ट कार्यों के सम्मान में नगर के प्रथम नागरिक एवं नगर पालिका परिषद सक्ती के अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल ने जिलेवासियों की ओर से पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल कुमार ठाकुर सहित पूरी पुलिस टीम का शाल एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मान किया।

सम्मान समारोह में नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल ने कहा कि पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल कुमार ठाकुर के नेतृत्व में सक्ती पुलिस ने कम समय में कई चुनौतीपूर्ण मामलों का पर्दाफाश कर जिले में कानून व्यवस्था के प्रति लोगों का विश्वास और मजबूत किया है। पुलिस की इस सक्रिय कार्यशैली से अपराधियों में भय का माहौल बना है और आम नागरिकों में सुरक्षा की भावना मजबूत हुई है। पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल कुमार ठाकुर ने कहा कि दो वर्ष पुराने दोहरे हत्याकांड का कोई ठोस सुराग नहीं मिल रहा था, लेकिन हाल ही में सामने आए समान घटनाक्रम के बाद जांच को नए सिरे से गति दी गई। वैज्ञानिक जांच और पुलिस टीम की लगातार मेहनत से दोनों मामलों के आरोपी एक ही निकले और उन्हें गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। वहीं प्रोग्राम थाना प्रभारी अनवर अली के नेतृत्व में टीम ने 26 घंटे तक लगातार नाकाबंदी कर 205 किलो अवैध गांजा बरामद किया। इसी प्रकार थाना प्रभारी लखन पटेल के नेतृत्व में युवती हत्याकांड का भी शीघ्र खुलासा किया गया। उन्होंने बताया कि इन उल्लेखनीय उपलब्धियों पर पुलिस महानिरीक्षक रामगोपाल गर्ग द्वारा पूरी पुलिस टीम को प्रशस्ति-पत्र एवं एक लाख रुपये के नगद पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, एसडीओपी भुवनेश्वरी पैकरा, डॉ. राजेश अग्रवाल, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्रीमती रश्मि गभेल, गल्ला किराना व्यापारी संघ के अध्यक्ष सुनील बंसल तथा नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में कन्हैया गोयल, मनीष कथूरिया, मुकेश बंसल, राजू, कालू रघुनाथ, विक्की, प्रकाश, राहुल अग्रवाल, संजय बिहारी, कालू तथा कृष्णा का विशेष योगदान रहा।

### तीन वर्षीय मासूम की डबरी में डूबने से मौत

**जांजगीर-चांपा।** जिले के शिवरीनारायण थाना क्षेत्र के ग्राम बुंदेला में एक दर्दनाक हादसे में 3 वर्षीय मासूम की डबरी में डूबने से मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में मातम पसरा हुआ है। बताया जा रहा है कि बच्चा घर के पास खेलते-खेलते डबरी तक पहुंच गया और पानी में गिर गया। काफी देर तक नजर नहीं आने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की, जिसके बाद उसे डबरी से बाहर निकाला गया। जीवित होने की उम्मीद में परिजन तत्काल उसे पामगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिवार में मातम पसरा हुआ है। सूचना मिलने पर शिवरीनारायण पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# कैम्पस प्लेसमेंट में 21 अभ्यर्थियों का हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राहौद

सीताराम कश्यप कॉलेज ऑफ फार्मेसी, राहौद में 2 जुलाई को मैक्लियोड्स फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड द्वारा एक सफल कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। इस प्लेसमेंट ड्राइव में कॉलेज के विद्यार्थियों के साथ-साथ विभिन्न संस्थानों से आए आईटीआई, बी.एससी., एम.एससी., डी.फार्म. एवं बी.फार्म. अभ्यर्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत अभ्यर्थियों का पंजीयन, लिखित/स्क्रीनिंग प्रक्रिया, तकनीकी एवं व्यक्तिगत साक्षात्कार (एचआर इंटरव्यू) आयोजित किए गए। मैक्लियोड्स फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड के अनुभवी चयन पैनल ने अभ्यर्थियों की शैक्षणिक योग्यता, तकनीकी ज्ञान, व्यक्तित्व एवं संप्रेषण कौशल का मूल्यांकन किया। सभी चरणों के समापन के उपरांत चयन समिति द्वारा विभिन्न शैक्षणिक धाराओं से कई प्रतिभाशाली अभ्यर्थियों का चयन मैक्लियोड्स फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड में रोजगार हेतु किया गया। चयनित विद्यार्थियों में आईटीआई, बी.एससी., एम.एससी., डी.फार्म. एवं बी.फार्म. के अभ्यर्थी शामिल हैं। चयन प्रक्रिया के उपरांत कंपनी द्वारा कुल 21 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मनमोहन सिंह जांगड़े ने मैक्लियोड्स फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड के चयन पैनल का महाविद्यालय आगमन एवं विद्यार्थियों को उत्कृष्ट रोजगार अवसर प्रदान करने के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने चयनित विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि संस्थान विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप कौशल विकास एवं रोजगार उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। कंपनी के चयन पैनल ने विद्यार्थियों के तकनीकी ज्ञान, संचार कौशल एवं अनुशासन की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। संस्थान के निर्देशक दीपक कश्यप ने भी इस सफल प्लेसमेंट ड्राइव पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि भविष्य में भी राष्ट्रीय एवं बहुराष्ट्रीय औषधि कंपनियों के सहयोग से ऐसे रोजगारोन्मुखी कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे, जिससे विद्यार्थियों को बेहतर करियर के अवसर प्राप्त हों।

# चार बिंदुओं पर बनी सहमति, डोंगाकोहरौद में पांचवें दिन आमरण अनशन समाप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगाकोहरौद




जूस पिलाकर आंदोलन समाप्त कराते जनप्रतिनिधि।

सड़क निर्माण की मांग को लेकर डोंगाकोहरौद में किया जा रहा आमरण अनशन पांचवें दिन समाप्त हुआ। देर रात अनशनकारियों को जूस पिलाकर आंदोलन समाप्त कराया गया। प्रशासन के साथ चार बिंदुओं पर बनी सहमति के बाद अनशनकारियों ने आंदोलन को विराम दिया।

डोंगाकोहरौद के सड़क की बदहाली से तंग आकर ग्रामीणों द्वारा 29 जून से आमरण अनशन प्रारंभ किया गया था। अनशन स्थल पर 10 ग्रामीण अन्न, जल त्याग कर प्रदर्शन कर रहे थे। इस दौरान शुक्रवार 3 जुलाई को दो अनशनकारियों की तबियत बिगड़ने पर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। इधर आक्रोशित ग्रामीणों ने पामगढ़ में चक्काजाम किया। सुबह 10 बजे से शुरु हुआ चक्काजाम शाम 7 बजे समाप्त हुआ। प्रशासन की ओर से चार बिंदुओं पर आश्वासन मिलने पर चक्काजाम तो समाप्त हो गया, लेकिन देर रात अनशनकारियों को जूस पिलाकर आंदोलन पूरी तरह समाप्त कराया गया। रोड मरम्मत कार्य लोक निर्माण विभाग द्वारा ग्रामीणों की के समन्वय के साथ शीघ्र प्रारंभ कराने, कार्य की स्वीकृति प्राप्त होने के बाद टेंडर की प्रक्रिया अविलंब प्रारंभ कराने, सड़क की परिधि में अन्य ग्राम के 21 खातेदारों के भूमि त्यजन हेतु स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं नागरिकों द्वारा सहयोग किए जाने, मार्ग पर सुबह 6 बजे से रात्रि 8 बजे तक भारी माल वाहकों के प्रवेश प्रतिबंधित करने पर ग्रामीणों और प्रशासन के बीच सहमति बनी है।

# स्कूली वाहनों में क्षमता से अधिक बच्चे, जोखिम में मासूमों की जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डभरा




वाहन में क्षमता से अधिक बैठाए गए स्कूली बच्चे।

नया शैक्षणिक सत्र प्रारंभ होते ही निजी स्कूलों द्वारा संचालित बसों एवं किराये के वाहनों में बच्चों की सुरक्षा को लेकर गंभीर लापरवाही सामने आने लगी है। क्षेत्र में कई निजी स्कूलों के वाहन क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाकर परिवहन कर रहे हैं। छोटे-छोटे वाहनों एवं स्कूल बसों में बच्चों को ठूस-ठूस कर भरा जा रहा है, जिससे कभी भी बड़ी दुर्घटना होने की आशंका बनी हुई है।

अभिभावकों एवं स्थानीय नागरिकों का कहना है कि कई वाहनों में न तो पर्याप्त सीट व्यवस्था है और न ही सुरक्षा संबंधी मानकों का पालन किया जा रहा है। कई स्कूल वाहन बिना फिटनेस जांच, अग्निशमन यंत्र, फर्स्ट एड बॉक्स एवं सुरक्षा गाइडलाइन के सड़कों पर दौड़ रहे हैं। बच्चों को वाहन के दरवाजों तक बैठाया जा रहा है, जिससे हादसे का खतरा और बढ़ गया है। जानकारी के अनुसार सुबह एवं छुट्टी के समय स्कूल वाहनों में क्षमता से कहीं अधिक बच्चों को बैठाया जाता है। परिवहन विभाग एवं शिक्षा विभाग की ओर से समय-समय पर दिशा-निर्देश जारी किए जाते हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर उनका पालन नहीं हो रहा है। स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन, परिवहन विभाग एवं शिक्षा विभाग से मांग की है कि स्कूल वाहनों की विशेष जांच अभियान चलाकर नियमों का उल्लंघन करने वाले निजी स्कूलों एवं वाहन संचालकों पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि किसी बड़ी दुर्घटना से पहले बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

